
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि **विशेष**

**20 मार्च 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**सफलता का कोई रहस्य नहीं है। बस कड़ी मेहनत करते रहें और कभी हार न मानें।**

**खुशवंत सिंह**

**( पत्रकार )**

जन्म: **02** फरवरी **1915** मृत्यु: **20** मार्च **2014**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

20 मार्च

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, षष्ठी तिथि, गुरूवार 20 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

सफलता उन लोगों का इंतजार करती है जो कठिन परिश्रम करते हैं।

**Success awaits those who put in hard toil.**

DIWAS GYAN

## आज के दिन

1602– यूनाइटेड डच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई।

1615– मुगल बादशाह शाहजहाँ और मुमताज महल का सबसे बड़ा पुत्र दारा शिकोह का जन्म था।

1727– महान् गणितज्ञ, भौतिक वैज्ञानिक, ज्योतिर्विद एवं दार्शनिक आइजैक न्यूटन का निधन थे।

1800– अलेसांद्रों वोल्टा द्वारा इलेक्ट्रिक बैटरी की खोज की गइ।

1956– ट्यूनीशिया को फ्रांस से स्वतंत्रता।

## वार्षिक मूल्यांकन 2025

प्रथम पाली : 10:00 से 12:00 बजे कक्षा 3–5 के लिए अंग्रेजी

द्वितीय पाली : 01:00 से 03:00 बजे कक्षा 6–8 के लिए अंग्रेजी

1. **अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस**– अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2013 से मनाया जा रहा है। सभी व्यक्तियों के जीवन में प्रसन्नता हो, वह मूलभूत अधिकारों को प्राप्त करे और मानव का सर्वांगीण विकास हो यह इसका मूल उद्देश्य है।

2. **विश्व गौरेया दिवस**– गौरेया पक्षी के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए वर्ष 2010 से प्रति वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरेया दिवस मनाया जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक गौरेयों की संख्या में 60 फीसदी तक कमी आ गई है और यह पक्षी तेजी से विलुप्त हो रही है। गौरेया पक्षी प्रायः भूरे स्लेटी तथा अखरोटी पंख वाली होती हैं। ये मुख्य रूप से अनाज, छोटे कीट–पतंगों, दीमक आदि का भोजन करती हैं।
   - संदर्भः अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक **ब्लॉसम भाग 5 पाठ 3** के संदर्भ से जोड़कर बच्चों के साथ चर्चा करें।

3. **नादिरशाह का दिल्ली लूटना**– नादिरशाह एक महत्वाकांक्षी शासक था। उसे 'ईरान का नेपोलियन' भी कहा जाता था। 20 मार्च, 1739 ई. को नादिरशाह ने दिल्ली पर आक्रमण कर दिया। 22 मार्च को दिल्ली में यह अफवाह फैल गई कि नादिरशाह की मृत्यु हो गई है। नगर में विद्रोह हो गया और उसके 700 सैनिक मारे गए। इस पर नादिर ने कत्लेआम का आदेश दे दिया और लगभग 30 हजार लोगों का कत्ल कर दिया गया। दो महीने तक दिल्ली की लूटपाट के बाद बहुत सारी संपत्ति साथ वापस ले गया।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 2, अध्याय 4, पृष्ठ 76** के संदर्भ से जोड़कर बच्चों के साथ चर्चा करें।


4. **सामाजिक अधिकारिता स्मृति दिवस**– 20 मार्च, 1927 ई. को भारतरत्न बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर ने महाड(कोलाबा) के चवदार तालाब से सबके लिए जल के उपयोग के अधिकार प्राप्त करने के लिए सामाजिक न्याय की नई दिशा प्रदान की थी। उसकी स्मृति में ही 20 मार्च को सामाजिक अधिकारिता स्मृति दिवस मनाया जाता है।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 8 पृश्ठ 124; सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक जीवन भाग–1 के अध्याय 1 विविधता की समझ** तथा अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक **रेडियंस भाग 1 पाठ 9** तथा **कोंपल भाग 5 अध्याय 1** से जोडकर बच्चों को बतायें।

5. **विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस (World Oral Health Day)**– विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। जिसका मकसद मुँह की सही सफाई, मुँह से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करना और अच्छी ओरल हेल्थ से सभी को परिचित कराना है। यह दिवस पहली बार 12 सितंबर, 2007 को एफडीआई वर्ल्ड डेंटल फेडरेशन द्वारा शुरू किया गया था।

website: https://www.teachersofbihar.org/publication/diwasgyan https://www.teachersofbihar.org/publication/gyandrishti


मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस 20 मार्च




20 मार्च को पूरी दुनिया में इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस मनाया जाता है।विश्व खुशी दिवस पर, संयुक्त राष्ट्र महासभा लोगों से और अधिक निरंतर प्रगति करने का आह्वान करती है और छोटी-छोटी चीजें जो उनके जीवन को बेहतर बनाती रहती हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस पर मित्रों और परिवार के साथ खुशियाँ साझा करें। ध्यान देने और सराहना करने के लिए समय निकालना, जिसके लिए खुद को आभारी होना चाहिए, यहां तक कि छोटी चीजें भी, लोगों को जीवन में अधिक खुश और अधिक पूर्ण महसूस कराएंगी। इसे एक दैनिक आदत बनाने पर विचार करें, जैसे कृतज्ञता लॉग रखना। प्रियजनों के साथ समय बिताएं और किसी भी रिश्ते को सुधारने की कोशिश करें जो कठिन दौर से गुजर रहे हैं क्योंकि अच्छी गुणवत्ता वाले रिश्ते खुशी के लिए महत्वपूर्ण हैं। चरण-दर-चरण कार्यक्रम का प्रयास करें, जहां आप दैनिक आधार पर समान विचारधारा वाले व्यक्तियों से मिलते हैं ताकि कार्रवाई करने और स्वस्थ जीवन जीने में एक-दूसरे की सहायता की जा सके। आप किसी ऐसे चैरिटी को दान या काम भी कर सकते हैं जो आपकी पसंद के अच्छे कामों को प्रोत्साहित करता हो। सोशल नेटवर्किंग दूसरों से जुड़ने का एक और तरीका है। 20 मार्च को पूरी दुनिया में इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस मनाया जाता है। इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 28 जून 2012 को की गई थी। अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को उनके जीवन में खुशी के महत्व का एहसास कराना है।

# पुण्यतिथि विशेष 20 मार्च




**खुशवंत सिंह** *Khushwant Singh*; जन्म- 2 फ़रवरी, 1915 - मृत्यु: 20 मार्च, 2014) भारत के प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक, उपन्यासकार और इतिहासकार थे। एक पत्रकार के रूप में इन्होंने बहुत लोकप्रियता प्राप्त की है। 'भारत सरकार' के 'विदेश मन्त्रालय' में विदेश सेवा के सम्माननीय पद पर भी खुशवंत सिंह जी ने कार्य किया है। वर्ष 2000 में इनको 'वर्ष का ईमानदार व्यक्ति' सम्मान मिला था। 'पद्म भूषण' (1974) और 'पद्म विभूषण' (2007) जैसे अलंकरणों से भी इन्हें सम्मानित किया जा चुका है। खुशवंत सिंह ने कई अमूल्य रचनाएँ अपने पाठकों को प्रदान की हैं।

# बिहार दिवस विशेष

20 मार्च

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री



आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

**32**

## गुरुद्वारा हांडी साहिब ( दानापुर, पटना )

गुरुद्वारा हांडी साहिब दानापुर में स्थित है जो पुराने पटना शहर से 20 किमी पश्चिम में एक छावनी स्टेशन है। गुरु तेग बहादुर अप्रैल 1670 में अपने परिवार को पटना में छोड़कर पंजाब लौट गए थे । पटना साहिब छोड़ने के बाद परिवार ने अपना पहला पड़ाव यहां बनाया। जमनी माई नाम की एक बूढ़ी महिला ने उन्हें खिचड़ी की एक केतली (हांडी) परोसी जिसके बाद यहां बनाए गए मंदिर का नाम हांडीवाली संगत रखा गया, जिसे अब गुरुद्वारा हांडी साहिब कहा जाता है।

राकेश कुमार

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### होल्मियम(Holmium)

लैंथेनाइड सीरीज तत्व

संकेत (Symbol) - Ho

परमाणु संख्या (A. number) -67

परमाणु भार (A.weight) -164.93

समूह -f block group


आवर्त (period)-6

ब्लाक(block)-f

संयोजकता (valancy)- 3

समस्थानिक (isotope)-1

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास - $[Xe]4f^{11}6s^2$




### खोज

1878,मार्क डेलाफोंटे

### भौतिक गुण

चांदी सफेद, लचीली, मुलायम, दुर्लभ मृदा धातु

### रासायनिक गुण

एसिड में घुलनशील,गर्म पानी के साथ अति प्रतिक्रियाशील

### उपयोग

परमाणु रिएक्टर, चुंबक,लेजर,गामा-रे स्पेक्ट्रोमीटर

Anu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## बर्फ दोहरी दीवार के टीन के बॉक्स में रखी जाती हैं क्यों?

क्योंकि दोनों दीवारों के बीच कुचालक पदार्थ भरे होते हैं। जिसके फलस्वरूप बाहर से ऊष्मा संचरित होकर बर्फ तक नहीं पहुंच पाती है।



Madhu priya

CLASS 4

EVS

ToB TLM

# बाल मेला और खेल

* हमारे देश में बाल दिवस 14 नवंबर के दिन अधिकांश विद्यालयों में बाल मेले का आयोजन किया जाता है।
* बाल मेले की तैयारी कई दिन पूर्व से चलती है तथा उस दिन प्रांगण  को मेले का स्वरूप दिया जाता है।
* विद्यालय व कक्षाओं को सुंदर ढंग से सजाया जाता है।
* कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों के द्वारा बाल मेले का आयोजन  किया जाता है।
* सभी कक्षाओं के बच्चे इस मेले में शामिल होते हैं तथा आनंद व हर्ष के साथ आयोजन का लुफ्त उठाते हैं।
* प्रदर्शनी, झांकी, नृत्य, नाटक एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी बच्चे अपनी प्रस्तुतियां देते हैं।
* बाल मेला के दिन जो बच्चा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय  स्थान प्राप्त करता है उसे पुरस्कृत किया जाता है।
* बाल दिवस के मेले में बच्चे बहुत खुश रहते हैं तथा यह खुशी वह पूरे साल याद रखते हैं।

## बाल मेला






पुनीता कुमारी

# सीमित ओवरों के ICC इवेंट्स में सबसे ज्यादा जीत प्रतिशत वाले कप्तान

| खिलाड़ी | जीत प्रतिशत | मैच | जीत |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 90% | 30 | 27 |
| क्लाइव लॉयड | 88% | 17 | 15 |
| रिकी पोंटिंग | 78% | 51 | 48 |
| हैंसी क्रोन्से | 78% | 18 | 14 |
| सौरव गांगुली | 73% | 22 | 16 |

**नोट:** कम से कम 15 मैच

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 20.03.2025

## अभ्यास का नियम

अभ्यास का नियम, जिसे उपयोग और अनुपयोग का नियम भी कहा जाता है, बताता है कि बार-बार अभ्यास करने से किसी क्रिया को सीखने में मदद मिलती है, जबकि अभ्यास न करने से वह धीरे-धीरे भूल जाती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



अंतरिक्ष यात्री **सुनीता विलियम्स** 286 दिनों बाद पहली बार पृथ्वी की **गुरुत्वाकर्षण शक्ति** महसूस करते हुए ड्रैगन कैप्सूल से बाहर आईं। अब वह **प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच** से गुजरेंगी और फिर क्रू-9 टीम के साथ **ह्यूस्टन** के लिए रवाना होंगी।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
ToB बूझो तो जानें..
बिहार दिवस
विशेष
बिहार से झारखंड अलग राज्य कब बना था... बुझो तो जानें... ?
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार



जन्म -25 दिसंबर 1642 - मृत्यु -20 मार्च 1727

गुरुत्वाकर्षण का नियम और
गति के सिद्धान्त की खोज करने
वाले महान एक महान
वैज्ञानिक, गणितज्ञ ,ज्योतिष
एवं दार्शनिक

## सर आइजैक न्यूटन

जी के पुण्यतिथि पर
शत्-शत् नमन।

Madhu priya

/teachersofbihar




# विश्व गौरैया दिवस

के अवसर पर प्रकृति की सुन्दरतम संरचनाओं में से एक गौरैया को इस धरा पर चहकने के लिए संरक्षित एवं आदर्श वातावरण देने का संकल्प करें।


www.teachersofbihar.org

Madhu priya




www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पुण्यतिथि पर नमन
खुशवंत सिंह
जन्म: 2 फ़रवरी 1915
मृत्यु: 20 मार्च 2014
Madhu priya
/teachersofbihar